प्रकाशनार्थ

आगरा, प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय के राजयोग शिक्षा एवं शोध संस्थान के मीडिया प्रभाग द्वारा ''बेहतर समाज निर्माण के लिए प्रबुद्ध मीडिया (Enlightened Media for Building a Better Society)" विषय पर एक दिवसीय मीडिया सेमिनार-सह-संवाद का आयोजन संस्था के ईदगाह स्थित प्रभु मिलन केन्द्र पर किया गया।

कार्यक्रम में भ्राता प्रो0 कमल दीक्षित, पूर्व विभागाध्यक्ष, माखन लाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल, बी0के0 शान्तनु, मुख्यालय मीडिया संयोजक, माउण्ट आबू, बी0के0 सुशान्त, राष्ट्रीय मीडिया संयोजक, ब्रह्माकुमारीज दिल्ली, बी0के0 कोमल, न्यूज हेड, पीस ऑफ माइण्ड टी0वी0, श्री विवेक जैन, महासचिव, यू0पी0 जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन, आगरा, श्री तरूण पाठक, राष्ट्रीय सलाहकार, न्यूज इंडिया वन टी0वी0, नोएडा, बी0के0 सुनीता बहन, जोनल मीडिया कॉर्डिनेटर, ब्रह्माकुमारीज दिल्ली, श्री ब्रज खण्डेलवाल, डॉ0 गिरिजा शंकर शर्मा, श्री राहुल गुप्ता, श्री विवेक पाठक, डॉ0 राज शंकर शर्मा, श्री राजीव सक्सैना उपस्थित रहे।

संगोष्ठी का उद्देश्य बताते हुए बी0के0 शान्तनु ने कहा कि मीडिया में ही वह ताकत है जो विश्व परिवर्तन का महान कार्य कर सकता है। बेहतर समाज बनाने में मीडिया की भूमिका महत्त्वपूर्ण है। यदि मीडिया में ट्रस्टीपन लाया जाए तो मीडिया विश्व बदलाव का माध्यम बन सकता है। इसके लिए सभी को आगे बढ़कर प्रयास करने होंगे।

मुख्य वक्तव्य में प्रो0 कमल दीक्षित ने बताया कि मीडिया ही बदलाव का सबसे बड़ा केन्द्र और माध्यम है। जब पत्रकार आध्यात्मिक रूप से सशक्त, मजबूत और दिव्य गुणों से ओत-प्रोत होगा तो समाज भी उसी अनुसार हो जाएगा। क्योंकि मूल्यनिष्ठ समाज का आधार मूल्यनिष्ठ मीडिया है।

प्रेरणा सम्बोधन में बी0के0 सुशान्त ने बताया कि पत्रकारिता का काम प्रश्न उठाना है। ऐसे में मीडिया में साहस होना जरूरी है। अच्छी बातों का प्रचार-प्रसार मीडिया करे तो समाज में आदर्श का माहौल बन जायेगा।

क्रमश.....2

बी0के0 कोमल ने कहा–संवेदनहीन होते समाज में मूल्यों की स्थापना के लिए प्रयास करना चाहिए। वर्तमान समय में मीडिया की विश्वसनीयता को बनाये रखने के लिए सकारात्मक पहल की जरूरत है।

श्री विवेक जैन ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज संस्थान का यह प्रयास निश्चित तौर पर एक सकारात्मक परिवर्तन लायेगा। स्वागत भाषण बी0के0 अश्विना बहन ने दिया। उन्होंने कहा, आर्थिक विकास के साथ सामाजिक और बौद्धिक विकास के लिए मीडिया को पहल करनी चाहिए। बी0के0 सुनीता बहन ने सभी को आत्मिक शक्ति के लिए मेडीटेशन का अभ्यास कराया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

आशीर्वचन में बी0के0 शीला बहन जी ने कहा कि मेडीटेशन को अपने दैनिक जीवन में शामिल करें जिससे आपमें सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा तथा मानसिक शान्ति प्राप्त होगी। इस संचित शक्ति का उपयोग आप एक बेहतर समाज के निर्माण में कर सकते हैं।

कार्यक्रम में नृत्य ज्योति कथक केन्द्र के बच्चों ने सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का संचालन बी0के0 अमर भाई ने किया। कार्यक्रम में काफी संख्या में मीडिया से जुड़े वरिष्ठ पत्रकार, शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे। आगरा कॉलेज के पत्रकारिता विभाग के डॉ0 महेन्द्र सिंह पत्रकारिता के छात्रों के साथ उपस्थित रहे। उन्होंने कहा, यह सेमिनार छात्रों को मूल्यनिष्ठ पत्रकारिता का संदेश देने में बहुत ही सफल रहा।

ईश्वरीय सेवा में,

(बी0के0 अश्विना)
सचिव
ब्रह्माकुमारीज आगरा सबजोन
एवं ईदगाह केन्द्र प्रभारी, आगरा